RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 143 | WEDNESDAY 03-06-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

**गुस्ताखी माफ**



दूध सड़क पर बहाकर, व्यर्थ किया बरबाद।
देते लगा छबील यदि, जनता करती याद।
जनता करती याद, करे ना काम अधूरा।
इस धरने में अरे, समर्थन देती पूरा।
कह साहिल कविराय, काम ऐसे ही बनता।
आंदोलन हो सफल, साथ यदि दे दे जनता।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




# रसूखदारों में बढ़ा प्रेम प्रसंग का ट्रेंड , पुरुषों से आगे निकली महिलाएं

## समाज के लिए बने चिंता का विषय




राजदीप सिंह सैनी

**लुधियाना/यूटर्न/2 जून।** शहर के रसूखदार घरानों में बढ़ता प्रेम प्रसंगों का ट्रेंड समाज के लिए चिंता का विषय बनता प्रतीत हो रहा है। चिंता जनक बात यह है की इसके लिए पुरुष ही नहीं बल्कि महिलाएं भी बराबर की भागीदार है। वही इन सबमें इंटरनैशनल सोशल लाइजिंग क्लब सबसे महत्वपूर्ण आधार बन रहे है। ताजा मामला नामी कारोबारी द्वारा महिला मित्र को बैंक ट्रांजैक्शन के माध्यम से ट्रांसफर की गई बड़ी राशि को लेकर चर्चा में बना हुआ है। हलांकि कारोबारियों में आपसी बैंक ट्रांस्जैक्शन सामान्य बता है लेकिन पुरुष कारोबारी द्वारा कारोबारी घराने की महिला के निजी अकाउंट में बड़ी राशि ट्रांसफर करने से इस पर विवाद छिड़ गया। यह विवाद समाज में नहीं बल्कि दोनों घरानों के सवयं के परिवारिक सदस्यों ने ही शुरू किया है। जो अब शहर का बहुचर्चित किस्सा बन चूका है।

## कारोबारी ने महिला दोस्त के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए लाखो

चर्चा है की हालही में नामी कारोबारी ने इंटरनेशनल सोशल लाइजिंग क्लब के माध्यम से महिला मित्र बनाई और अब दोनों प्रेम प्रसंग के लिए चर्चा में बने हुए है। यह मामला यहीं तक नहीं थमा, बल्कि कारोबारी ने उक्त महिला दोस्त के बैंक अकाउंट में लाखो रुपए भी ट्रांसफर कर डाले। दोनों के घरानों को जब इसका पता चलने पर परिवारों में विवाद छिड़ गया है। कारोबारी जगत के लोगो एक दूसरे से मामले की जानकारी लेते नजर आ रहे है।

## इंटरनेशनल क्लब बिजेनस ग्रोथ कम प्रेम प्रसंगों और फजीर्वाड़ों की बने पहचान

चर्चा हैं कि देश की अलग अलग स्टेट में यह इंटरनेशनल सोशल नेटवर्किंग क्लब चल रहे हैं। इनमें 20 ,40 से 100 करोड़ की टर्नओवर वाले कारोबारी ही मैमब्र बन सकते है। हलांकि क्लब फॉउंडर्स की और से इसकी स्थापना अच्छी और बिजेनस ग्रोथ की सोच के साथ की गई थी जिसके आधार पर ही देश दुनिया में इन सोशल लाइजिंग क्लबों के चैप्टर बड़े अच्छा काम कर रह है चर्चा है की पंजाब में आने के बाद कुछ तथाकथित मैंबरों ने ना केवल फजीर्वाड़ा कर इनकी मैंबरशिप हांसिल की बल्कि खुद को दूसरों से ज्यादा या हाई प्रोफाइल दिखाने की चकाचोंध में नियमों को तो छीकें में टांगा। चर्चा है की सोशल और बिजनेस मीटिंगों और पार्टियों में महिलाओं और कारोबारियों की इंटरैक्शन प्रेम प्रसंगों के ट्रेंड में बदल गई । हालत ऐसे है की ऐसे मैंबरों के कारण ऐसी संस्थाएं बिजनेस फ्लेटफार्म कम प्रेम प्रसंगों और फजीर्वाड़ों के चलते मजाक के पात्र ज्यादा बन चुके है । कुल मिला कर सुझवानों ने या तो मैंबरशिप ली ही नहीं या फिर आगे रिन्यू नहीं की।

## ऑडिट होने पर हुआ खुलासा

चर्चा है कि उक्त कारोबारी नामी बिजनेसमैन है। उसकी और से महिला दोस्त के बैंक खाते में लाखों रुपए ट्रांसफर कर दिए। लेकिन जब कारोबारी परिवार द्वारा सालाना ऑडिट किया, तो उक्त ट्रांजेक्शन निकलकर सामने आई। कारोबारी महिला को इतनी बड़ी अमाउंट ट्रांसफर करने का कोई कारण नहीं बता सका। जिसके बाद पूरे मामले को लेकर प्रेम प्रसंग जैसी चचाएं छिड़ गई।

## इंटरनेशनल सोशल लाइजिंग क्लब बने प्रेम प्रसंगों के प्लेटफार्म

चर्चाओं की माने तो आजकल कारोबारी शहर के युवाओं में कई इंटरनेशनल सोशल लाइजिंग क्लबों के साथ जुड़कर खुद को अन्यों के मुकाबले हाईप्रोफाइल दिखाने का नया ट्रेंड शुरू हो गया है। यही ट्रेंड आए दिन कारोबारियों के प्रेस प्रसंगों प्लेटफार्म बन रहे हैं। अब यह मामले रसूखदार घरानों में चिंता का विषय बन रहे हैं। इन प्रेम प्रसंगों के कारण कई घराने अपने बच्चों के भविष्य को लेकर भी टेंशन में नजर आ रहे हैं कि आगे जाकर इन चीजों का उन पर क्या असर पड़ेगा। वे बच्चों को सेफ करने में जुटे हुए हैं। हालात यह हैं कि सोशल लाइजिंग क्लबों से जुड़े कई जेंट्स तो एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर चला ही रहे हैं, अब इसका नशा फीमेल के भी सर चढ़ बोल रहा है या यू कहें की ऐसे क्लुबों से जुडी कुछ महिलाएं विदाउट बॉयफ्रैंड खुद को आउटडेटड समझती हैं और खुद को हाईप्रोफाइल दिखाने के चककर में सोशल मिडिया पर चेयर्स से लेकर आकर्षक मुद्राओं में अपने ग्लैमरस अदाएं दिखाने के लिए ट्रोल होना शान समझा जा रहा हैं।



## उपायुक्त चंडीगढ़ ने निजी स्कूलों को छात्र सुरक्षा, सत्रपस नीति एवं पार्किंग मानकों के सख्त अनुपालन के निर्देश दिए



चंडीगढ़/यूटर्न/02 जून। उपायुक्त चंडीगढ़ निशांत कुमार यादव ने आज शहर के निजी स्कूल प्रबंधन के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में छात्र सुरक्षा, स्कूल परिवहन प्रबंधन, पार्किंग स्थलों के उपयोग, स्वीकृत भवन योजनाओं के अनुपालन तथा सत्रपस (सेफ ट्रांसपोर्टेशन पॉलिसी फॉर स्टूडेंट्स) नीति के क्रियान्वयन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सभी निजी स्कूलों को निर्देश दिए गए कि छात्रों के चढ़ने और उतरने की प्रक्रिया स्कूल परिसर के भीतर ही सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित तरीके से सुनिश्चित की जाए। साथ ही किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हेतु प्रशिक्षित स्टाफ की समुचित निगरानी भी सुनिश्चित करने को कहा गया।

डीसी ने कई स्कूलों में निर्धारित पार्किंग स्थलों के दुरुपयोग पर गंभीर चिंता व्यक्त की। यह पाया गया कि स्वीकृत भवन योजनाओं में चिन्हित पार्किंग स्थलों का उपयोग लॉन, खेल मैदान, स्विमिंग पूल, गार्ड रूम तथा शेड आदि अन्य उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। स्कूल प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि स्वीकृत पार्किंग स्थलों का उपयोग केवल स्कूल बसों एवं वाहनों की पार्किंग के लिए ही किया जाए तथा किसी अन्य उद्देश्य के लिए उनका उपयोग न किया जाए। स्वीकृत भवन योजनाओं के अनुपालन को लेकर भी सख्त निर्देश जारी किए गए। उपायुक्त ने आगाह किया कि किसी भी प्रकार का अनधिकृत निर्माण, स्वीकृत नक्शे से विचलन अथवा निर्धारित लेआउट का दुरुपयोग गंभीर उल्लंघन माना जाएगा तथा संबंधित कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## पंचकूला ट्रैफिक पुलिस में बड़ा फेरबदल, सभी एसपीओ और होमगार्ड हटेंगे; रिश्वतखोरी पर सख्त कार्रवाई के आदेश

पंचकूला/यूटर्न/02 जून। पंचकूला पुलिस कमिश्नरेट ने यातायात व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। पुलिस कमिश्नर पंकज नैन ने ट्रैफिक विंग में तैनात सभी एसपीओ (स्पेशल पुलिस ऑफिसर) और होमगार्ड जवानों को हटाकर अन्य स्थानों पर तैनात करने के निर्देश दिए हैं। यह फैसला हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली और चंडीगढ़ समेत विभिन्न राज्यों से आने वाले वाहन चालकों द्वारा ट्रैफिक पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर मिली शिकायतों और सुझावों के बाद लिया गया है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि शिकायतों की विस्तृत समीक्षा के बाद ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए यह कदम उठाया गया है। पंकज नैन ने कहा कि अब यातायात पुलिस का मुख्य फोकस सड़क सुरक्षा से जुड़े गंभीर उल्लंघनों पर रहेगा। इसके तहत ड्रिंक एंड ड्राइव, ट्रिपल राइडिंग, बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने और वाहनों पर अवैध ब्लैक फिल्म लगाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य आम वाहन चालकों को अनावश्यक परेशानी से बचाने के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। पुलिस कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि वाहन जांच के दौरान यदि कोई पुलिस कर्मचारी वाहन चालक से दुर्व्यवहार करता है, अनुचित लाभ लेने का प्रयास करता है या रिश्वत मांगता है तो इसकी शिकायत तुरंत हेल्पलाइन नंबर 9115777026 पर दर्ज कराई जा सकती है।



# मोदी, शाह और नितिन की तिकड़ी की निगाहें अब पंजाब पर

### पंजाब भाजपा में देखने को मिल सकता है बड़ा फेरबदल, जाखड़ को केंद्र में मिल सकती है कोई बड़ी जिम्मेदारी

दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/02 जून। पश्चिम बंगाल में भाजपा की हुई प्रचंड जीत के बाद अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय प्रधान नितिन नबीन की निगाहें अब पंजाब पर हैं और यह तिकड़ी पंजाब में भाजपा की सरकार बनाने के लिए पूरा मन बना चुकी हैं। सुनने में आया है कि इस बार पंजाब चुनावों की कमान गृह मंत्री अमित शाह ने अपने हाथ में ले ली है। चर्चा है कि अमित शाह पार्टी को मजबूत करने के पंजाब में लगातार आते रहेंगे और कई बड़े चेहरों को भाजपा में शामिल करते रहेंगे।



**आगामी महीनों में होगी उठापटक:** फिलहाल अभी पंजाब विधानसभा चुनाव के मध्य नजर भाजपा ने अपना कार्य शुरू करते हुए प्रदेश प्रधान बदलकर हल्का फुल्का बदलाव तो शुरू कर दिया है मगर आगामी दिनों में भारी बदलाव देखने को मिल सकते हैं वहीं राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि चुनावों से लगभग तीन चार महीने पहले पंजाब की राजनीति में बहुत बड़ी उठापटक होने की संभावना है। चर्चा है कि पंजाब में कई बड़े चेहरे भाजपा शामिल हो सकते हैं पंजाब में भाजपा अपनी लहर चलाएगी।

**किसानों की नाराजगी करनी होगी दूर:** ज्यादातर किसान भाजपा से नाराज है मगर आगामी दिनों में भाजपा को किसानों की नाराजगी दूर करने होगी ताकि राज्य में बीजेपी पूरी तरह से मजबूत होकर पंजाब में विधानसभा चुनाव लड़ सके। चचाओं के अनुसार गृह मंत्री किसानों की नाराजगी दूर कर सकते हैं और चुनावों से पहले चुनावी रैलियों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह किसानों के लिए कोई बड़ी घोषणाएं कर सकते हैं।

**होंगे हैरानी भरे बदलाव:** चचाओं के अनुसार पंजाब भाजपा की टीम में जल्द ही बड़े बदलाव होने की संभावना है और दूसरी पार्टियों से आये नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। इसके अलावा प्रदेश प्रधान पद से हटाए गए सुनील जाखड़ को केंद्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। अनुमान के मुताबिक उन्हें केंद्र मंत्रिमंडल में होने वाले फेरबदल में कोई मंत्री पद भी मिल सकता है।

**भाजपा को मिल सकता है बल:** 26 मई को पंजाब के ग्रामीण क्षेत्रों में हुए नगर निगम चुनावों में बेशक भाजपा जीत के पास नहीं पहुंची मगर 172 सीटों पर जीत हासिल करके भाजपा ने साबित कर दिया कि ग्रामीण इलाकों में भी इनका आधार पहले के मुकाबले बड़ा है। हालांकि केवल ढिल्लों को प्रधान नियुक्त करने के बाद उन्हें दिग्गज नेता कप्तान अमरिंदर सिंह की विरोधता का सामना करना पड़ा और आगामी दिनों में केवल ढिल्लों की विरोधता और भी बढ़ सकती है, मगर हाई कमान खासकर भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह के मास्टर स्ट्रोक से पंजाब में भाजपा एक मजबूत पार्टी बनने की भी जनता में चर्चा है।

**अपने बलबूते सरकार बनाना चाहेगी भाजपा:** पंजाब में बीजेपी अपने बलबूते चुनाव लड़कर अपनी सरकार बनने के मूड़ में है। इसके बारे में मार्च महीने में मोगा में हुई रैली में गृहमंत्री अमित शाह ने भी इस बात को साफ कर दिया था। अब वह इसके लिए क्या शतरंज क्या गेम बनाते है यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

**गठबंधन की चर्चा जोरों पर:** जहां एक ओर भाजपा अकेले चुनाव लड़ने की बात कह रही है वहीं दूसरी ओर जनता में खूब चर्चा है कि बीजेपी का अकाली दल से गठबंधन होगा। राज्य में इस चर्चा का बाजार गर्म है क्योंकि ग्रामीण इलाकों में अकाली दल का प्रभाव है।

# नशा तस्करों और असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने उतरी मौलीजागरां पुलिस

### कई इलाकों में फ्लैग मार्च; SHO जसकरण की दो टूक 'नशा छोड़ो या इलाका छोड़ो'

अजीत झा,

चंडीगढ़/यूटर्न/02 जून। चंडीगढ़ में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मौलीजागरां थाना पुलिस ने मंगलवार को बड़ा शक्ति प्रदर्शन करते हुए कई संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस का उद्देश्य न केवल नशा तस्करों और असामाजिक तत्वों में कानून का डर पैदा करना था, बल्कि आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा भी मजबूत करना था।

थाना प्रभारी Jaskaran Singh के नेतृत्व में निकाले गए इस फ्लैग मार्च में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। मार्च मौली कॉम्प्लेक्स, मौली पिंड, विकास नगर, रायपुर खुर्द और आसपास के क्षेत्रों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिस टीम ने बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त कर लोगों से संवाद भी किया।



#### नशा बेचने वालों को खुली चेतावनी

फ्लैग मार्च के दौरान एसएचओ जसकरण सिंह ने साफ संदेश देते हुए कहा कि क्षेत्र में नशा बेचने वालों, अपराधियों और असामाजिक गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस ऐसे तत्वों की पहचान कर रही है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि जो लोग नशे के कारोबार से जुड़े हैं, वे या तो इस अवैध धंधे को तुरंत बंद कर दें या फिर क्षेत्र छोड़ दें। पुलिस किसी भी हालत में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शने वाली नहीं है।

#### संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर

पुलिस अधिकारियों के अनुसार मौलीजागरां क्षेत्र के कुछ हिस्सों में लगातार निगरानी बढ़ाई गई है। इसके तहत संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए नियमित गश्त, फ्लैग मार्च और विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। पुलिस का मानना है कि लगातार उपस्थिति से अपराधियों और शरारती तत्वों में कानून का भय बना रहता है और वारदातों पर अंकुश लगाने में मदद मिलती है।

#### लोगों को भी किया जागरूक

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने स्थानीय निवासियों से भी सहयोग की अपील की। लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया और कहा गया कि यदि उनके आसपास किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, नशा तस्करी या आपराधिक गतिविधि की जानकारी हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

#### आगे भी जारी रहेगा अभियान

एसएचओ जसकरण सिंह ने बताया कि नशा विरोधी मुहिम को और प्रभावी बनाने के लिए आने वाले दिनों में भी इसी तरह के फ्लैग मार्च और विशेष अभियान चलाए जाएंगे। पुलिस का लक्ष्य क्षेत्र को नशा मुक्त बनाना और कानून-व्यवस्था को पूरी तरह मजबूत रखना है।

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## मोहाली मेयर पद को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज, पार्षदों की बैठक ने बढ़ाई अटकलें

मोहाली/यूटर्न/02 जून। नगर निगम चुनाव के नतीजे आने के बाद अब मोहाली में मेयर पद को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के भीतर मेयर चयन को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच विधायक कुलवंत सिंह के आवास पर आयोजित पार्षदों की बैठक ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। सूत्रों के अनुसार बैठक में पार्टी के 27 में से 25 नवनिर्वाचित पार्षद शामिल हुए। बड़ी संख्या में पार्षदों की मौजूदगी को मेयर पद की दावेदारी के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

VOL: 11 | ISSUE 143 | WEDNESDAY 03-06-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com




# कोर्टरूम से इंसाफ तक: वरिष्ठ वकील स्टीवन सोनी की ज़िंदगी की अनसुनी कहानी

## वकालत सिर्फ कानून की किताबों तक सीमित पेशा नहीं है, बल्कि यह उन कहानियों का सफर है जहाँ हर केस किसी इंसान की जिंदगी, उसके संघर्ष और उसके हक से जुड़ा होता है।







● **आपका यह सपना आखिर शुरू कहाँ से हुआ?**

मेरा यह सपना बहुत ही शुरूआती उम्र से शुरू हो गया था। मैं जिस परिवार में पला-बढ़ा, वहाँ वकालत एक तरह से जीवन का हिस्सा थी। घर का माहौल पूरी तरह से इसी पेशे से जुड़ा हुआ था, इसलिए कभी यह सोचने की जरूरत ही नहीं पड़ी कि कुछ और करना है। धीरे-धीरे यह समझ बनने लगी कि यह सिर्फ एक नौकरी नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी है, जहाँ आप लोगों की जिंदगी से जुड़ते हैं और उन्हें न्याय दिलाने की कोशिश करते हैं। समय के साथ यह रुचि और गहरी होती गई और मैंने इसे पूरी तरह अपनाया।

● **क्या आपने बचपन में अपने माता-पिता की नकल की या उन्हें देखकर कुछ सीखा?**

बिल्कुल। बचपन में हम अपने पिता के वकालत के गाउन पहनकर खेलते थे। घर में जब भी केसों की बातें होती थीं, हम उन्हें सुनते-सुनते बड़े हुए। स्कूल के समय भी कई बार ऐसा होता था कि हमें कानूनी शब्द और प्रक्रियाएँ पहले से ही समझ आने लगी थीं। एक बार 10वीं कक्षा में एक वकील हमारे स्कूल आए थे, और मैंने उनसे कई सवाल पूछे थे। तब लोगों ने भी कहा था कि यह बच्चा तो पूरी तरह वकील परिवार से है। असल में यह सब चीजें धीरे-धीरे हमारे अंदर बिना किसी दबाव के स्वाभाविक रूप से आ गईं।

● **बचपन में खेल-खेल में आप क्या बनते थे—जज या वकील?**

बचपन में यह सब बहुत दिलचस्प होता था। कभी हम जज बन जाते थे, कभी वकील। घर-घर या खेल-खेल में कोर्ट जैसा माहौल बना लेते थे। बाद में जब लॉ की पढ़ाई शुरू हुई, तो मूट कोर्ट्स ने हमें और भी वास्तविक दुनिया से जोड़ दिया। वहाँ जाकर समझ आया कि यह खेल नहीं, एक बहुत गंभीर और जिम्मेदारी भरा पेशा है।

● **आपका पहला कोर्ट केस कैसा रहा? क्या वह यादगार था?**

मेरा पहला केस 1989 में था और वह मेरे लिए बहुत बड़ा अनुभव था। मामला एक ऐसे व्यक्ति का था जिसका ट्रक फाइनेंसर ने जब्त कर लिया था क्योंकि वह किस्तें नहीं चुका पा रहा था। लेकिन जब हमने केस को गहराई से देखा, तो हमें लगा कि अगर उसे थोड़ा मौका दिया जाए तो वह अपनी आजीविका दोबारा शुरू कर सकता है। कोर्ट में हमने यही बात रखी कि उसे उसका ट्रक वापस मिलना चाहिए ताकि वह कमाई करके भुगतान कर सके। आखिरकार कोर्ट ने हमारी बात मानी और ट्रक वापस मिल गया। यह मेरे करियर का पहला ऐसा पल था जिसने मुझे आत्मविश्वास दिया।

● **क्या कोई ऐसा केस रहा जिसने आपको अंदर तक प्रभावित किया हो?**

हाँ, एक तलाक का केस आज भी मुझे याद है। केस कानूनी रूप से जितना सीधा दिख रहा था, भावनात्मक रूप से उतना ही जटिल था। जब केस खत्म हुआ और फैसला हमारे पक्ष में आया, तब भी मेरे अंदर खुशी नहीं थी। क्योंकि उस प्रक्रिया में कई रिश्ते टूटते हुए दिखे और एक बच्चे की मासूम जिंदगी भी प्रभावित हुई। उस दिन मुझे एहसास हुआ कि हर जीत असल में खुशी नहीं लाती, कई बार वह एक गहरी सोच और पछतावा भी छोड़ जाती है।

● **क्या आपको लगता है कि कोर्ट में हमेशा न्याय मिल पाता है?**

यह सवाल बहुत गहरा है। मेरे अनुभव में ऐसा नहीं है कि हर बार तुरंत या पूरी तरह न्याय मिल जाए। कई बार केस इतने लंबे चलते हैं कि व्यक्ति की पूरी जिंदगी बदल जाती है। कभी-कभी कोई निर्दोष व्यक्ति भी वर्षों जेल में रह जाता है और बाद में बरी होता है। लेकिन उन खोए हुए सालों का कोई मुआवजा नहीं होता। इसलिए न्याय सिर्फ फैसले का नाम नहीं है, बल्कि समय और प्रक्रिया भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

● **कोई ऐसा अनुभव जिसने आपको भावनात्मक रूप से बहुत संतुष्टि दी हो?**

एक केस मुझे हमेशा याद रहेगा जिसमें एक महिला के पति की हत्या उनके अपने ससुर ने कर दी थी। वह मामला बहुत कठिन था और लंबे समय तक चला। हम दिन-रात काम करते रहे और आखिरकार कोर्ट ने हमारे पक्ष में फैसला दिया। उस महिला को न सिर्फ न्याय मिला बल्कि उसे उसके अधिकार और संपत्ति भी वापस मिली। उस समय जो संतोष मिला, उसे शब्दों में बयान करना मुश्किल है। ऐसे केस आपको यह एहसास कराते हैं कि आप सिर्फ वकील नहीं, बल्कि किसी की जिंदगी का हिस्सा हैं।

● **घर में 'जज' कौन है?**

मुस्कुराते हुए कहूँ तो घर में असली जज मेरी पत्नी हैं। कोर्ट में चाहे कितना भी बहस कर लूँ, घर में उनकी बात ही अंतिम होती है। वहाँ कोई अपील नहीं चलती।

● **क्या आप चाहते हैं कि आपकी अगली पीढ़ी भी यही पेशा अपनाए?**

हाँ, बिल्कुल। मेरा बड़ा बेटा पहले से लॉ की पढ़ाई कर रहा है और छोटा भी इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। अगर वे इस पेशे को अपनाते हैं तो मुझे खुशी होगी क्योंकि यह सिर्फ पेशा नहीं, एक विरासत भी है जिसे समझना जरूरी है।

● **युवा वकीलों के लिए आपका संदेश क्या होगा?**

मैं हमेशा यही कहता हूँ कि इस पेशे में मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। यहाँ कई बार असफलता मिलती है, लेकिन वही आपको मजबूत बनाती है। अगर आपकी तैयारी मजबूत है, आपका रिकॉर्ड और आपकी फाइल मजबूत है, तो सफलता देर से ही सही लेकिन जरूर मिलती है। यह पेशा सिर्फ पैसा नहीं देता, बल्कि पहचान, सम्मान और सबसे बड़ी चीज—आत्मिक संतोष भी देता है।

*निष्कर्ष: स्टीवन सोनी की यह कहानी बताती है कि वकालत सिर्फ कोर्टरूम की लड़ाई नहीं, बल्कि जीवन, रिश्तों और इंसाफ की गहरी समझ का नाम है—जहाँ हर केस सिर्फ फाइल नहीं, बल्कि एक इंसान की पूरी कहानी होती है।*

# बीसीएम आर्य स्कूल का BFSI सेक्टर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया से जुड़ाव, छात्रों को मिलेंगे नए करियर अवसर



लुधियाना/यूटर्न/02 जून। बीसीएम आर्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लुधियाना ने कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। स्कूल का आधिकारिक तौर पर BFSI (बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस) सेक्टर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया से जुड़ाव हुआ है, जो नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (NSDC) और स्किल इंडिया मिशन के अंतर्गत कार्य करता है।

इस सहयोग के तहत विद्यार्थियों को बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा क्षेत्र से संबंधित उद्योग आधारित प्रशिक्षण, विशेषज्ञों द्वारा कार्यशालाएं, वेबिनार, करियर काउंसलिंग, प्रमाणन कार्यक्रम और रोजगार से जुड़े अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। छात्रों को राष्ट्रीय कौशल मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर भी मिलेगा। स्कूल प्रशासन के अनुसार यह पहल विद्यार्थियों को भविष्य की रोजगार आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्हें व्यावहारिक अनुभव, इंटर्नशिप, वित्तीय शिक्षा और विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का लाभ मिलेगा, जिससे उनकी रोजगार क्षमता और पेशेवर दक्षता में वृद्धि होगी। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. अनुजा कौशल ने कहा कि यह साझेदारी शिक्षा और कौशल विकास के समन्वय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास छात्रों को बदलती पेशेवर दुनिया में सफलता प्राप्त करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए सक्षम बनाते हैं। स्कूल प्रबंधन ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कौशल शिक्षा को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।




पेज 12 ट्रंप-नेतन्याहू के बीच फोन पर तीखी झड़प, गालियों की...


# ईडी का एक्शन मोडः गमाडा घोटाले से लेकर वेदांता छापों तक, कई बड़े नाम जांच के घेरे में

चंडीगढ़/नई दिल्ली/यूटर्न/2 जून। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इन दिनों देशभर में अलग-अलग मामलों में लगातार एक्शन मोड में नजर आ रहा है। मोहाली के ग्माडा में कथित सीएलयू घोटाले से लेकर वेदांता ग्रुप पर छापेमारी तक, जांच एजेंसी की कार्रवाई ने प्रशासनिक और कॉरपोरेट दोनों हलकों में हलचल बढ़ा दी है। मोहाली स्थित गमाडा (ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी) में कथित चेंज ऑफ लैंड यूज (सीएलयू) घोटाले को लेकर ईडी की जांच तेज हो गई है। कई वरिष्ठ अधिकारी जांच के दायरे में हैं, जिससे विभाग में असहज माहौल बना हुआ है। मंगलवार को कार्यालय में उपस्थिति सामान्य से कम रही। मुख्य प्रशासक संदीप गर्ग सुबह करीब 10 बजे ही कार्यालय से निकल गए, जबकि अतिरिक्त मुख्य प्रशासक अमरिंदर सिंह मल्ली अपनी सीट पर मौजूद नहीं थे। इसी बीच, विनोद कुमार, अमरजीत सिंह, जिला टाउन प्लानर गुरिंदर मान और अकाउंट्स अधिकारी मनमीत जालंधर स्थित ईडी कार्यालय में आधिकारिक रिकॉर्ड्स के साथ पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, कुछ अधिकारियों को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

GMADA
GREATER MOHALI AREA DEVELOPMENT AUTHORITY








## कुछ प्रोजेक्ट्स को फायदा पहुंचाने का प्रयास

जांच में सामने आया है कि कुछ रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स को फायदा पहुंचाने के लिए सीएलयू मंजूरी में नियमों की अनदेखी की गई। रॉयल एस्टेट ग्रुप, सनटेक सिटी और अल्टस स्पेस बिल्डर्स से जुड़े मामलों की जांच जारी है। ईडी ने बिल्डर परवीन कंसल और नीरज कंसल से 200 से अधिक सवाल पूछे हैं। प्रारंभिक जांच में ग्माडा के 4-5 अधिकारी संदेह के घेरे में हैं। एजेंसी को बिल्डर और अधिकारियों के बीच वित्तीय लेन-देन के अहम दस्तावेज और बैंक ट्रेल भी मिले हैं।

## नेताओं तक पहुंची जांच की आंच

इस मामले के बीच ईडी का दायरा राजनीतिक हलकों तक भी पहुंचता दिख रहा है। जालंधर सेंट्रल से विधायक रमन अरोड़ा ईडी दफ्तर में पेश हुए। प्रवेश से पहले उनका सामान जमा करवाया गया। यह जांच आय से अधिक संपत्ति और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ी है, जो पंजाब विजिलेंस ब्यूरो की एफआईआर के आधार पर शुरू हुई है। रमन अरोड़ा पर दुकानदारों से कथित वसूली के आरोप हैं। विजिलेंस ब्यूरो उन्हें 1.10 करोड़ रुपये के मामले में पहले गिरफ्तार कर चुका है और पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया था। आरोप है कि उन्होंने एक असिस्टेंट टाउन प्लानर के साथ मिलकर अवैध नोटिस जारी कर पैसे की मांग की। 2 जून को ईडी ने उन्हें बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया। करीब 9 घंटे की पूछताछ के बाद उन्हें वापिस भेजा गया।

## वेदांता ग्रुप पर भी ईडी की छापेमारी

इसी बीच ईडी ने 2 जून को उद्योगपति अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वाले वेदांता ग्रुप के दफ्तरों पर भी छापेमारी की। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत रॉयल्टी भुगतान में कथित अनियमितताओं को लेकर की जा रही है। जांच मुंबई और दिल्ली स्थित कार्यालयों में चल रही है, जहां वेदांता लिमिटेड द्वारा अपनी मूल कंपनी वेदांता रिसोर्स को किए गए भुगतान की पड़ताल हो रही है। वेदांता लिमिटेड का मार्केट कैप लगभग 1.3 लाख करोड़ रुपये है, जबकि इसकी पेरेंट कंपनी पर करीब 74,000 करोड़ रुपये का कर्ज बताया जाता है।

## *कंपनी पांच हिस्सों में बांटने की प्रक्रिया में*

*यह कार्रवाई ऐसे समय पर हुई है जब कंपनी अपने बिजनेस को पांच हिस्सों में बांटने (डिमर्जर) की प्रक्रिया में है। डिमर्जर के बाद वेदांता के अलग-अलग बिजनेस एल्युमिनियम, पावर, ऑयल एंड गैस और स्टील स्वतंत्र कंपनियों के रूप में काम करेंगे। कार्रवाई के बीच कंपनी के शेयरों में हल्की गिरावट भी दर्ज की गई। फिलहाल, दोनों मामलों में ईडी की जांच जारी है और आने वाले दिनों में और बड़े खुलासों की संभावना जताई जा रही है।*

# जीएमएसएच-16 के ब्लड बैंक में लगी मामूली आग पर काबू पाया गया

चंडीगढ़ /यूटर्न/02 जून। जीएमएसएच-16 के ब्लड बैंक में 02 जून 2026 की दिन निकलने से पहले प्रातःकाल एक मामूली आग की घटना हुई। तत्परता एवं प्रभावी कार्रवाई के चलते स्थिति को शीघ्र ही नियंत्रित कर लिया गया, जिससे किसी बड़े नुकसान अथवा सेवाओं में बाधा उत्पन्न नहीं हुई। यह घटना सबसे पहले ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों द्वारा देखी गई, जिन्होंने तुरंत सुरक्षा कर्मियों को सूचित किया। सुरक्षा कर्मियों ने बिना विलंब प्रतिक्रिया देते हुए आग पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया, जिससे आग के फैलने को रोका जा सका।

अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों, जिनमें निदेशक स्वास्थ्य सेवाएँ, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट तथा ब्लड बैंक प्रभारी शामिल हैं, ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा ब्लड बैंक की आवश्यक सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश तुरंत जारी किए गए।



प्रारंभिक आकलन के अनुसार, आग लगने का संभावित कारण ब्लड बैंक क्षेत्र में स्थापित एयर-कंडीशनिंग यूनिट में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। प्रभावित क्षेत्र को तुरंत सुरक्षित कर लिया गया तथा मौके पर एहतियाती कदम उठाए गए।

महत्वपूर्ण रूप से, इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या चोट की सूचना नहीं है। साथ ही, वर्तमान स्तर पर रक्त भंडार, उपकरण, अभिलेख या ढांचे को कोई उल्लेखनीय क्षति भी नहीं हुई है। घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम हेतु विस्तृत तकनीकी जांच जारी है।

# जीएमसीएच-48 में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का निरीक्षण, प्रशासक कटारिया ने नई ओपीडी सुविधाओं की समीक्षा की



चंडीगढ़/यूटर्न/02 जून। पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने मंगलवार को शहर की स्वास्थ्य सुविधाओं, शैक्षणिक अधोसंरचना और पर्यावरणीय परियोजनाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य अधोसंरचना को लगातार मजबूत करने पर जोर दिया। प्रशासक ने गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सेक्टर 48 का दौरा कर वहां संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान स्वास्थ्य सचिव मंदीप सिंह बराड़ ने उन्हें आयुष ओपीडी, होम्योपैथी सेवाओं और जल्द शुरू होने वाली पंचकर्मा सुविधा की जानकारी दी। कटारिया ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में आधुनिक सुविधाओं के विस्तार और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फिजियोथेरेपी, इम्यूनाइजेशन, डे-केयर, ऑन्कोलॉजी, योग, डेंटल और बाल रोग ओपीडी सहित रेडिएशन ऑन्कोलॉजी सेवाओं का भी अवलोकन किया। अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में कई नई ओपीडी सेवाएं शुरू की गई हैं तथा लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

# चलती कंटेनर में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान



जीरकपुर, /यूटर्न/02 जून। पटियाला रोड पर सोमवार देर रात एक चलती कंटेनर के ड्राइवर केबिन में अचानक आग लग गई। चालक की सूझबूझ और फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, हालांकि कंटेनर का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

सड़क सुरक्षा फोर्स (एसएसएफ) के इंचार्ज सुनील कुमार ने बताया कि रात करीब 11:30 बजे एक खाली कंटेनर जीरकपुर की ओर जा रहा था। पटियाला रोड पर पहुंचते ही वाहन के ड्राइवर केबिन से धुआं निकलने लगा और कुछ ही पलों में आग भड़क उठी। स्थिति को भांपते हुए चालक ने तुरंत कंटेनर सड़क किनारे रोककर बाहर छलांग लगा दी और सुरक्षित बच गया।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ऑफिसर राजीव कुमार ने बताया कि एक फायर टेंडर की सहायता से आग पर काबू पाया गया।

## सेक्टर-20ए में देर रात हंगामा, बाइक में तोड़फोड़ के बाद चली गोली; एक युवक गिरफ्तार

चंडीगढ़/यूटर्न/02 जून। शहर के सेक्टर-20ए में देर रात उस समय सनसनी फैल गई जब कुछ युवकों ने एक मोटरसाइकिल को निशाना बनाते हुए जमकर तोड़फोड़ की और विरोध होने पर फायरिंग कर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसके तीन साथी अभी फरार हैं। पुलिस के अनुसार, सेक्टर-33 निवासी राजीव और उसका मित्र सुनील देर रात घर लौट रहे थे। रास्ते में सेक्टर-20 मार्केट के पास उनकी कुछ युवकों के साथ कहासुनी हो गई। विवाद के बाद दोनों अपने घर लौट आए और मोटरसाइकिल को सेक्टर-20ए स्थित अपने आवास के बाहर खड़ा कर दिया। कुछ देर बाद सड़क से तेज आवाजें आने पर दोनों ने बाहर देखा तो चार युवक उनकी बुलेट मोटरसाइकिल को नुकसान पहुंचा रहे थे। राजीव और सुनील नीचे पहुंचे और आरोपियों को रोकने की कोशिश की।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**क्या Divorce Case में Private Investigator रखा जा सकता है?**


निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

वैवाहिक विवादों में कई बार एक पक्ष दूसरे पर adultery, hidden income, secret relationship या अन्य आरोप लगाता है। ऐसे मामलों में लोग Private Investigator (PI) या detective रखने के बारे में सोचते हैं।

भारत में private investigation पूरी तरह प्रतिबंधित नहीं है, लेकिन इसकी सीमाएं और कानूनी जोखिम समझना जरूरी है।

यदि कोई investigator केवल public activities, movements या सामान्य जानकारी एकत्र करता है, तो कुछ परिस्थितियों में उसका उपयोग evidence के रूप में किया जा सकता है। लेकिन illegal surveillance, phone hacking, unauthorized recording, trespassing या privacy violation गंभीर कानूनी समस्या पैदा कर सकते हैं।

Courts कई बार investigator की report को supporting material की तरह देखती हैं, लेकिन उसे अंतिम और निर्णायक evidence नहीं मानतीं। हर जानकारी की authenticity और legality महत्वपूर्ण होती है। आजकल photographs, travel details, social media activity और electronic records भी ऐसे मामलों में प्रस्तुत किए जाते हैं, लेकिन evidence कैसे प्राप्त किया गया—यह प्रश्न भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। कई लोग भावनाओं में आकर privacy की सीमाएं पार कर देते हैं, जिससे स्वयं उनके खिलाफ legal action शुरू हो सकता है।

निष्कर्ष : Private Investigator रखना हर परिस्थिति में illegal नहीं है, लेकिन investigation की प्रक्रिया कानून और privacy की सीमाओं के भीतर होनी चाहिए। Evidence केवल उपयोगी ही नहीं, कानूनी रूप से स्वीकार्य भी होना चाहिए।

# मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत डेराबस्सी से 51वीं और 52वीं बस रवाना





डेराबस्सी/यूटर्न/02 जून। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत मंगलवार को डेराबस्सी हलके से श्रद्धालुओं को लेकर 51वीं और 52वीं बस रवाना की गई। जवाहरपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने दोनों बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

विधायक रंधावा ने बताया कि तीर्थयात्री श्री दरबार साहिब, दुर्गियाना मंदिर, जलियांवाला बाग, वाल्मीकि मंदिर, राम तीर्थ और वाघा बॉर्डर सहित विभिन्न धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत तीन दिन और दो रातों की यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को नि:शुल्क वातानुकूलित बसों से आवागमन, ठहरने के लिए एसी कमरे, दिन में तीन समय भोजन, चाय और स्नैक्स की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। प्रत्येक बस के साथ सहायक स्टाफ और मेडिकल टीम भी तैनात की गई है, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

रंधावा ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना को प्रदेशभर के वरिष्ठ नागरिकों का भरपूर समर्थन मिल रहा है और बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य कर रही है।

## रूह से रूबरू




चारु नागपाल

### क्रिकेट से प्यार पर देश के लिए इन्कार

भारत में क्रिकेट, विशेषकर आईपीएल, केवल एक खेल नहीं बल्कि एक उत्सव बन चुका है। करोड़ों भारतीय अपने पसंदीदा खिलाड़ियों और टीमों का समर्थन करने में समय, ऊर्जा और भावनाएँ लगाते हैं। खेल के प्रति यह प्रेम सराहनीय है, क्योंकि यह लोगों में आनंद और एकता का अनुभव कराता है। किंतु विचार करने की आवश्यकता है कि यदि यही समर्पण और उत्साह देश के प्रति अपने कर्तव्यों के पालन में भी दिखाई दे, तो भारत और अधिक मजबूत तथा विकसित राष्ट्र बन सकता है।

आज समाज में अक्सर यह शिकायत सुनने को मिलती है कि अनेक युवा अधिकारों की अपेक्षा तो रखते हैं, लेकिन कर्तव्यों के निर्वहन में उतनी रुचि नहीं दिखाते। एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में कानून का पालन करना, मतदान करना, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, पर्यावरण को स्वच्छ रखना तथा समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना मनोरंजन और खेलों का आनंद लेना।

देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। यदि युवा केवल क्षणिक खुशी के बजाय अनुशासन, जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण को भी महत्व दें, तो भारत नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर सकता है। सच्ची देशभक्ति केवल भावनाओं से नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों के ईमानदार पालन से सिद्ध होती है।

# बाबा बालक नाथ जी का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया



डेराबस्सी/यूटर्न/02 जून। गुलाबगढ़ रोड स्थित सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर में मंगलवार को बाबा बालक नाथ जी का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह भारत विकास परिषद के सहयोग से सुखमणि डेंटल कॉलेज की विशेषज्ञ टीम द्वारा नि:शुल्क डेंटल चेकअप कैंप लगाया गया, जिसमें बच्चों सहित करीब 40 श्रद्धालुओं ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया।

मंदिर सेवा समिति के महासचिव संजीव थम्मन ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित यह 16वां मेडिकल चेकअप कैंप था। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट अब तक लगभग 40 धार्मिक यात्राओं का सफल आयोजन कर चुका है तथा हर वर्ष श्रद्धालुओं के लिए दो बड़े धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

शाम को मंदिर परिसर में विशाल भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बाबा जी का गुणगान किया। मंदिर सेवा समिति के प्रधान एडवोकेट अरुण ने बताया कि भजन-कीर्तन के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसकी संपूर्ण व्यवस्था थम्मन कैटर्स परिवार द्वारा की गई।

इस अवसर पर मंदिर के पुजारी के अलावा परस पुरी, वंश, प्रदीप, जीत सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने बाबा बालक नाथ जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## दिनदहाड़े घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट, नकदी और जेवर ले जाने का आरोप



जीरकपुर/यूटर्न/02 जून। बलटाना क्षेत्र में बढ़ते अपराधों के बीच मंगलवार दोपहर आनंद विहार कॉलोनी में घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि पांच युवक दिनदहाड़े घर में घुस आए, महिलाओं के साथ मारपीट की और नकदी व जेवर लेकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

पीड़िता पुष्पा और उनकी बहू रवीना ने बताया कि दोपहर करीब 3:15 बजे घर में केवल दो महिलाएं और दो छोटी बच्चियां मौजूद थीं। आरोप है कि दो युवक पिस्टल लेकर घर के अंदर दाखिल हुए, जबकि उनके तीन साथी बाहर खड़े रहे। महिलाओं के अनुसार आरोपियों ने घर में घुसते ही 10 हजार रुपये की मांग की। विरोध करने पर एक युवक ने रवीना को धक्का देकर बिस्तर पर गिरा दिया और उसकी छाती पर पैर रखकर कानों की बालियां छीन लीं। परिजनों का आरोप है कि शोर मचाने पर आरोपी ने पिस्टल की बट से रवीना के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह बेहोश हो गई।




# एटीएम लूट गिरोह के 2 बदमाश गिरफ्तार, वारदात करते आग लगने से पकड़े गए, सरगना पर हैं 21 पर्चे

लुधियाना/यूटर्न/2 जून। लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस ने पंजाब के अलग-अलग जिलों में आतंक का पर्याय बन चुके एक हाईटेक अंतर-जिला एटीएम ब्रेकिंग गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गैंग के 2 मुख्य गुर्गों को भारी मात्रा में हथियारों और आधुनिक कटर उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अमृतसर के जसमिंदर सिंह उर्फ जस्स और दीपक कुमार उर्फ दीपू बिहारी के रूप में हुई है। पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि यह गैंग दिन में रेकी करता था और रात के अंधेरे में गैस कटर की मदद से चंद मिनटों में एटीएम मशीन के नोटों वाले वॉल्ट को काटकर कैश चोरी कर लेते थे।



## चोरी के समय आग लगने पर फंसे

सीपी स्वपन शर्मा ने बताया कि 19 मई की रात को गैंग ने नूरवाला रोड, शिवपुरी चौक के पास एक एटीएम को निशाना बनाया था। आरोपी जब गैस कटर से एटीएम मशीन को काट रहे थे, तभी अचानक वहां बिजली का शॉर्ट-सर्किट हो गया और मशीन में आग लग गई। आग भड़कते देख आरोपी घबरा गए और वहां से भागने लगे। इसी दौरान गश्त कर रही पीसीआर की टीम ने जब इन्हें रोकने की कोशिश की, तो आरोपियों ने पकड़े जाने के डर से पुलिस पार्टी पर सीधे गोलियां चला दीं। पुलिस ने किसी तरह खुद को बचाया, जिसके बाद थाना बस्ती जोधेवाल में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## *हाईटेक टूल्स के साथ करते थे वारदातें*

*पुलिस ने आरोपियों के पास से बैंक डकैती में इस्तेमाल होने वाला पूरा सेटअप बरामद किया है 1 पिस्टल और 2 कारतूस, 1 इंडस्ट्रियल गैस कटर सेट और गैस सिलेंडर, 1 पोर्टेबल कटिंग मशीन, 1 मारुति सुजुकी अर्टिगा कार बरामद की है। आरोपी दीपक कुमार उर्फ दीपू गैंग का मुख्य शूटर और शातिर अपराधी है। उस पर अमृतसर और बठिंडा में 21 संगीन मामले दर्ज हैं। जसमिंदर सिंह उर्फ जस्स पर पहले कोई केस दर्ज नहीं था, लेकिन इस गैंग में शामिल होकर यह रेकी और लॉजिस्टिक्स का काम संभाल रहा था।*

# नूरवाला रोड़ की खराब हालत के कारण राहगीर काफी परेशान, पार्षद विनायक ने निगम कमिश्नर को दिया मांग पत्र



दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/02 जून। नूरवाला रोड़ की हालत काफी खराब है जिस कारण राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की इस खस्ता हालत को देखते हुए आज वार्ड न:3 की पार्षद पल्लवी विपन विनायक ने नगर निगम कमिश्नर नीरू कतयाल गुप्ता को मिल कर एक मांग पत्र दिया गया और बताया कि नूरवाला रोड की खराब हालत के कारण इलाके के लोगों को अपने कारोबार करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और वहीं वहां से कोई सही ढंग से गुजर भी नहीं सकता। उन्होंने बताया कि ठेकेदार द्वारा जो काम किया जा रहा है वो भी अधुरा छोड़ कर बंद दिया गया है। इस सड़क से कई गावों को रास्ता जाता है। सड़क की खस्ता हालत के कारण लोगों को आना जाना काफी मुशिकल हो रहा है और हर रोज सड़क पर वाहन पलट रहें है तथा एक्सिडेंट हो रहे है। उन्होंने कहा कि अगर कल को कोई भी जानी माली नुकसान हुआ तो इसके लिए नगर निगम प्रशासन जवाबदेह होगा ।

# लुधियाना इलेक्ट्रोप्लेटर्स एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल ने पीपीसीबी चेयरपर्सन से की मुलाकात

लुधियाना/यूटर्न/2 जून। द लुधियाना इलेक्ट्रोप्लेटर्स एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) की चेयरपर्सन रीना गुप्ता से मुलाकात कर पंजाब के इलेक्ट्रोप्लेटिंग एवं इंजीनियरिंग उद्योग के समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं एवं चुनौतियों संबंधी एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एसोसिएशन के प्रधान चंद्र प्रकाश सभरवाल ने किया। प्रतिनिधिमंडल में राजन गुप्ता, उपाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, सचिव चरणजीत सिंह विश्वकर्मा, पूर्व प्रधान एवं चेयरमैन यूसीपीएमए और राजिंदर सिंह, प्रधान, फोकल प्वाइंट इंडस्ट्रियल शेड्स एसोसिएशन शामिल थे। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से बैठक में रीना गुप्ता चेयरपर्सन; डॉ. लवनीत दुबे सदस्य सचिव तथा आर. के. रात्रा मुख्य अभियंता उपस्थित थे। उपाध्यक्ष राजन गुप्ता ने कहा कि सूक्ष्म एवं लघु उद्योग (एमएसएमई) वर्तमान समय में बढ़ती लागत, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं तथा मध्य-पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण कठिन दौर से गुजर



रहे हैं। उन्होंने बोर्ड से अनुरोध किया कि ऐसे उद्योगों के प्रति दंडात्मक कार्रवाई के बजाय शिक्षाप्रद, सहयोगात्मक एवं मार्गदर्शक दृष्टिकोण अपनाया जाए तथा पहली बार होने वाली त्रुटियों पर कठोर कार्रवाई के स्थान पर सुधार का अवसर दिया जाए। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। अंत में, लुधियाना इलेक्ट्रोप्लेटर्स एसोसिएशन ने रीना गुप्ता, डॉ. लवनीत दुबे एवं आर. के. रात्रा का उद्योग की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनने एवं समय प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया।

# हड़ताल के बीच नई भर्ती पर भड़के सेवा केंद्र कर्मचारी, डीसी को सौंपा ज्ञापन



लालड़ू/यूटर्न/02 जून। अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत सेवा केंद्र कर्मचारियों ने मंगलवार को मोहाली के डिप्टी कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर सेवा केंद्र संचालित करने वाली निजी कंपनी पर गंभीर आरोप लगाए। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि हड़ताल के दौरान कंपनी द्वारा अनुभवी कर्मचारियों को हटाने और उनकी जगह नए ऑपरेटरों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जो श्रम कानूनों का उल्लंघन है।

सेवा केंद्र कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि कर्मचारी लंबे समय से डीसी रेट लागू करने और नौकरी की सुरक्षा जैसी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से संघर्ष कर रहे हैं। इसके बावजूद कंपनी उनकी आवाज दबाने के लिए कथित तौर पर मनमानी कर रही है।

यूनियन नेताओं ने बताया कि हड़ताल पर गए कर्मचारियों को अनुबंध समाप्त करने संबंधी ई-मेल भेजी जा रही हैं। साथ ही आंदोलन को कमजोर करने के उद्देश्य से नए कर्मचारियों की भर्ती शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी श्रमिक आंदोलन या हड़ताल के दौरान पुराने कर्मचारियों को हटाकर नई नियुक्तियां करना श्रम कानूनों की भावना के विपरीत है।

कर्मचारी नेताओं ने प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर निजी कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो संघर्ष को और तेज किया जाएगा।

# रामदरबार में पेड पार्किंग के विरोध में फूटा लोगों का गुस्सा, 7 दिन में फैसला वापस न लेने पर आंदोलन की चेतावनी





चंडीगढ़/यूटर्न/02 जून। रामदरबार कॉलोनी में नगर निगम द्वारा एक खाली सरकारी जमीन को पेड पार्किंग घोषित किए जाने के विरोध में स्थानीय निवासियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कॉलोनी के लोगों ने आरोप लगाया कि बिना पूर्व सूचना, बिना जनसुनवाई और बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के यह फैसला थोप दिया गया है, जिससे करीब 4000 परिवार प्रभावित होंगे।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, संबंधित स्थान का उपयोग वर्षों से दोपहिया और चारपहिया वाहनों की नि:शुल्क पार्किंग के लिए किया जाता रहा है। अब अचानक पेड पार्किंग लागू किए जाने से लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की आशंका है। चंडीगढ़ कांग्रेस वार्ड नंबर-19 रामदरबार की ब्लॉक अध्यक्षा सोनिया गुरचरण सिंह ने स्थानीय निवासियों के साथ विरोध प्रदर्शन करते हुए नगर निगम आयुक्त से मांग की कि पेड पार्किंग का आदेश तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर निर्णय रद्द नहीं किया गया तो कॉलोनी के हजारों परिवार सड़क पर उतरकर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने 'पार्किंग हमारा हक है', 'पेड पार्किंग मुर्दाबाद' और 'चंडीगढ़ प्रशासन मुर्दाबाद' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे पहले ही विभिन्न करों का भुगतान करते हैं और अब पार्किंग शुल्क के रूप में अतिरिक्त बोझ स्वीकार नहीं करेंगे।

विरोध प्रदर्शन में प्रदेश सचिव बिरेन्द्र रॉय, ओम पाल चौटाला, बदन सिंह, ईश्वर सिंह, रोहित चौटाला, विनोद कुमार, अभिषेक कुमार, संदीप कुमार, आनंद कुमार, साहिल कल्याण, काका कल्याण और अंकुश तिवारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी शामिल हुए। निवासियों ने प्रशासन से जनहित को ध्यान में रखते हुए निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है। वहीं, नगर निगम की ओर से इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# नगर परिषद चुनावों के बाद खूनी झड़प, कांग्रेस उम्मीदवार राजू कामरेड और उनके पार्षद भाई राणा पर FIR

-चरणजीत सिंह चन्न-



जगरांव/यूटर्न/2/जून। नगर परिषद चुनाव के नतीजे आते ही क्षेत्र में माहौल उस समय बेहद तनावपूर्ण हो गया, जब मामूली विवाद ने एक खूनी झड़प का रूप ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चुनावों के बाद 'जय श्री राम' के नारे लगाने को लेकर विवाद खड़ा हुआ, जिससे उत्तेजित होकर कांग्रेसी उम्मीदवार राजू कामरेड और उनके साथियों पर एक बेकसूर युवक की बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगा है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

वीडियो बना रहे युवक पर हमला, घटना के समय वहां मौजूद चिराग गुप्ता (22) नामक युवक जब अपने मोबाइल से इस पूरे घटनाक्रम की वीडियो बनाने लगा, तो कथित तौर पर राजू कामरेड और उनके समर्थकों का गुस्सा उस पर फूट पड़ा। उन्होंने चिराग को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। पीड़ित को पहले स्थानीय सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे लुधियाना रेफर कर दिया।

# निकाय चुनाव परिणामों पर अकाली दल का मंथन

## कमियों को दूर कर जनता के बीच सक्रिय होने का संकल्प

-चरणजीत सिंह चन्न-



जगरांव/यूटर्न/2/जून। हाल ही में संपन्न हुए नगर परिषद चुनावों के नतीजों और पार्टी के प्रदर्शन को लेकर शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के शीर्ष नेताओं और कार्यकर्ताओं की एक विशेष व महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। पार्टी के कोर कमेटी सदस्य एस.आर क्लेर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (SGPC) के सदस्य भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल भी विशेष रूप से शामिल हुए।

**आत्म-मंथन और भविष्य की रणनीति...** बैठक के दौरान विभिन्न वार्डों के चुनावी नतीजों का गहराई से विश्लेषण किया गया। एस.आर क्लेर ने चुनाव के दौरान सामने आई चुनौतियों और कमियों को खुलकर साझा किया। उन्होंने जोर देकर कहा शिरोमणि अकाली दल की असली ताकत उसका जमीनी कार्यकर्ता है। सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में जनता के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखें और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहें।

**संगठन की मजबूती के लिए विशेष अभियान:** युवाओं, महिलाओं और समाज के हर वर्ग तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने के लिए विशेष मुहिम चलाई जाएगी।

वैचारिक प्रसार: भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने कहा कि अकाली दल पंजाब, पंजाबियत और पंथ की प्रतिनिधि संस्था है। कार्यकर्ताओं की मेहनत ही संगठन को पुनर्जीवित करेगी।

संकल्प: बैठक के अंत में सभी नेताओं ने जमीनी स्तर पर जनता की आवाज उठाने और भविष्य की राजनीतिक चुनौतियों का डटकर सामना करने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर सर्कल प्रधान चरनजीत सिंह चीनू, दीपइंदर सिंह भंडारी, सरप्रीत सिंह काउंके, हरदेव सिंह बोबी और अवतार सिंह बिल्ला सहित भारी संख्या में वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वार्ड वासियों के भरोसे पर खरा उतरूंगी, विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता: पार्षद रविंदर पाल कौर



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न2/जून। नगर परिषद चुनावों में वार्ड नंबर 5 से नवनिर्वाचित पार्षद बीबी रविंदर पाल कौर मालवा ने आज अपने वार्ड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भारी मतों से विजयी बनाने के लिए सभी मतदाताओं और वार्ड वासियों का सहृदय धन्यवाद किया। वार्ड वासियों का आभार जताते हुए पार्षद रविंदर पाल कौर मालवा ने कहा: वार्ड नंबर 5 के नागरिकों ने जो जिम्मेदारी और विश्वास मुझे सौंपा है, उसे मैं पूरी ईमानदारी, प्यार और सत्कार के साथ निभाऊंगी। वार्ड का चहुंमुखी विकास करना ही मेरा एकमात्र लक्ष्य है।

## इन मुख्य कार्यों पर रहेगा विशेष फोकस

नवनिर्वाचित पार्षद ने क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं को दूर करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और प्राथमिकताएं साझा कीं:

**सफाई व्यवस्था:** वार्ड को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

**बिजली और पानी:** सुचारू बिजली आपूर्ति और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा।

**त्वरित सुनवाई:** वार्ड के हर नागरिक की समस्याओं को पूरी लगन के साथ सुना और हल किया जाएगा। इस धन्यवाद दौरे के दौरान वार्ड के कई गणमान्य नागरिक, समाज सेवी और भारी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे, जिन्होंने नए पार्षद का गर्मजोशी से स्वागत किया और उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

# सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट वासु रंजन मिले पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजा वडिंग से, कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा



जीरकपुर/यूटर्न/02 जून। काऊंसिल ऑफ लायर्स के चेयरमैन एवं सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट वासु रंजन आज चंडीगढ़ में पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं लुधियाना से सांसद अमरिंदर सिंह राजा वडिंग से मिले। वासु रंजन ने निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस के शानदार प्रदर्शन के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजा वडिंग को बधाई दी और वहीं कई अहम मुद्दों पर पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष से चर्चा हुई। वासु रंजन ने राजा वडिंग को जीरकपुर अपने निवास पर आने का निमंत्रण दिया जो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वह जल्द ही जीरकपुर उनके निवास पर आएंगे। वहीं सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट वासु रंजन ने पंजाब में बैलेट पर हुए चुनावों पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर पर मुहिम छेड़नी चाहिए क्योंकि निष्पक्ष चुनाव बैलेट पेपर से ही हो सकता है। और वहीं पंजाब में युवाओं को कांग्रेस को मजबूत करने के लिए भी मुहिम छेड़ने की वासु रंजन ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से अपील की। वासु रंजन ने अपने सुझाव को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के आगे रखा और कहा कि पंजाब ही नहीं यदि पूरे देश में कांग्रेस संगठित होकर चुनाव लड़ेगी और चुनाव बैलेट पेपर पर होगा तो भाजपा का नाम लेने वाला भी कोई नहीं होगा।

# हल्का नॉर्थ के लोग रहती दुनिया तक विधायक बग्गा द्वारा बनवाई सब तहसील को याद रखेगें - मंत्री मुंडियां

लुधियाना/यूटर्न/2 जून। मंगलवार को लुधियाना के हल्का नॉर्थ में नवनिर्मित सब-तहसील कॉम्प्लेक्स का पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर हल्का नॉर्थ विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा, अशोक पराशर पप्पी, कुलवंत सिंह सिद्धू, निगम कमिश्नर नीरू कत्याल गुप्ता, माल विभाग के स्पेशल सेक्रेटरी टी. बैनिथ, एसडीएम जसलीन कौर भुल्लर, एसडीएम कुलदीप बावा, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर, जिला योजना बोर्ड लुधियाणा के चेयरमैन जतिंदर सिंह खंगूड़ा, पार्षद



अमन बग्गा और निगम के कानूनी सलाहकार एडवोकेट गौरव बग्गा सहित बड़ी संख्या में पार्षद और क्षेत्रीय निवासी मौजूद रहे। 38 लाख रुपये की लागत से तैयार की इस सब तहसील का नायब तहसीलदार जगसीर सिंह ने मंत्री मुंडियां की मौजूदगी में चार्ज संभाला। इस दौरान मंत्री हरदीप मुंडियां ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार लोगों के भले के लिए हर एक पैसा खर्च करने के प्रति प्रतिबद्ध है और आज लुधियाणा (उत्तरी) को दिया गया यह तोहफा भी इसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हल्का नॉर्थ के लोगों के अपने कार्य कराने को वेस्ट तहसील और ट्रांसपोर्ट नगर जाना पड़ता था। जिससे काफी परेशानी होती थी। लेकिन विधायक मदन लाल बग्गा के इन प्रयासों के बाद लोगों की तकलीफ खत्म होगी। हल्के के लोग विधायक बग्गा के इस कार्य को रहती दुनिया तक याद रखेगें। वहीं इस दौरान चौधरी मदन लाल बग्गा ने कहा कि उन्होंने 2022 में चुनाव के समय हल्के की जनता से नई तहसील का वादा किया था। जिसे आज पूरा किया गया है। आप सरकार लोगों से किए वादों के लिए वचनबंध है।

# ग्राम स्तर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर पहुंचे एन.एस.एस. स्वयंसेवक






लुधियाना/यूटर्न/02 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सतीश चंद्र धवन सरकारी कॉलेज, लुधियाना की एन.एस.एस. इकाई द्वारा पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत बेरी कॉलोनी चौहान नगर, लुधियाना में पहुंचकर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण तथा स्वच्छ वातावरण के महत्व के बारे में जागरूक किया। यह अभियान कॉलेज के माननीय प्राचार्य प्रो. (डॉ.) गुरशरणजीत सिंह संधू के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान गांव के माननीय सरपंच श्री दलजीत सिंह एवं पंचायत सदस्यों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के सम्मान स्वरूप पौधे भेंट किए गए। यह पहल हरियाली और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक बनी। इसके उपरांत एन.एस.एस. टीम ने ग्राम पंचायत गुरु नानक नगर का भी दौरा किया, जहां माननीय सरपंच श्री जोगिंदर सिंह को पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने के संदेश स्वरूप पौधे भेंट किए गए। इस अवसर पर ग्रामीणों को पर्यावरण सुरक्षा, प्लास्टिक के कम उपयोग तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एन.एस.एस. के इवेंट कोऑर्डिनेटर हरजोत सिंह ने विशेष भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त रवि कुमार, हर्षदीप सिंह, आयुषी, करण मल्होत्रा, खुशी कुमारी तथा अन्य स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय भागीदारी करते हुए जागरूकता अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. सौरभ कुमार ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें समाज और पर्यावरण के कल्याण के लिए इसी प्रकार सक्रिय रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि युवाओं की भागीदारी से ही पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया जा सकता है। स्वयंसेवकों ने विश्वास दिलाया कि पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के लिए यह अभियान आने वाले दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा।

# बेटियाँ बनें आत्मनिर्भर, आत्मरक्षा आज के समय की सबसे बड़ी जरूरतः 'कर भला हो भला' सोसाइटी



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/2/जून। धार्मिक और सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़-चढ़कर योगदान देने वाली अग्रणी संस्था ₹कर भला हो भला₹ सोसाइटी ने लड़कियों के लिए आयोजित एक विशेष आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस) कैंप में रिफ्रेशमेंट (जलपान) की सेवा निभाकर अपना सहयोग दिया। इस अवसर पर सोसाइटी के चेयरमैन रोहित अरोड़ा और अध्यक्ष विशाल शर्मा ने कैंप के आयोजकों के इस प्रयास की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बेटियों का आत्मनिर्भर और आत्मरक्षक होना बेहद जरूरी है, ताकि किसी भी विपरीत परिस्थिति में वे दूसरों पर निर्भर रहने के बजाय शरारती तत्वों का खुद डटकर मुकाबला कर सकें।

*''आज बेटियाँ शिक्षा और खेलकूद समेत हर क्षेत्र में लड़कों से आगे निकल रही हैं। ऐसे में उन्हें आत्मरक्षा के गुर भी सीखने चाहिए ताकि वे संकट के समय अपनी सुरक्षा खुद करने में सक्षम हों।''-अरोड़ा विशाल (अध्यक्ष)*

सोसाइटी के पदाधिकारियों ने जोर देकर कहा कि बेटियों के

# मेरा युवा भारत और हिंदुस्तान वेलफेयर ब्लड डोनर्स क्लब ने वर्ल्ड साइकिल डे मनाया

शिव कौड़ा

फगवाड़ा/यूटर्न/02 जून। मेरा युवा भारत, कपूरथला की डिस्ट्रिक्ट यूथ ऑफिसर मैडम गगनदीप कौर के गाइडलाइंस पर, जो मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के तहत काम करता है, हिंदुस्तान वेलफेयर ब्लड डोनर्स क्लब ने श्री महावीर जैन मॉडल स्कूल, मॉडल टाउन फगवाड़ा में वर्ल्ड साइकिल डे मनाया। इस मौके पर स्टूडेंट्स को एड्रेस करते हुए हिंदुस्तान वेलफेयर ब्लड डोनर्स क्लब (रजिस्टर्ड) फगवाड़ा के वाइस प्रेसिडेंट हरजिंदर गोगना और स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. ताजप्रीत कौर ने साइकिलिंग के हेल्थ, एनवायरनमेंट और सोशल इंपॉर्टेंस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साइकिल ट्रांसपोर्ट का एक सस्ता, हेल्दी और एनवायरनमेंट-फ्रेंडली तरीका है, जिसके




इस्तेमाल से पॉल्यूशन कम करने और फिजिकल फिटनेस बनाए रखने में मदद मिलती है। स्कूल कमेटी प्रेसिडेंट प्रेम लाल जैन और क्लब सेक्रेटरी वितिन पुरी ने स्टूडेंट्स और क्लब मेंबर्स को इस साल की थीम साइकिल्स फॉर ए ग्रीन फ्यूचर बताते हुए साइकिल को अपना साथी बनाने के लिए मोटिवेट किया। इसके बाद स्टूडेंट्स और क्लब मेंबर्स ने साइकिल रैली निकाली। रैली के दौरान, लोगों ने लोगों को साइकिल का ज्यादा इस्तेमाल करने, पॉल्यूशन कम करने और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने का मैसेज दिया। रैली को लोगों का बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिला। स्कूल वापस पहुंचने के बाद, बच्चों को रिफ्रेशमेंट दिया गया। इस मौके पर डॉ. अंजू शर्मा, प्रभजोत सिंह राकेश वढेरा, स्कूल स्टाफ और बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स मौजूद थे।

# अवैध निर्माण पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, एक कॉलोनी समेत पांच निमार्णों पर चला बुलडोजर

लुधियाना/यूटर्न/02 जून। शहर में बढ़ रहे अवैध निमार्णों पर अंकुश लगाने के लिए नगर निगम ने मंगलवार को सख्त कार्रवाई करते हुए एक अवैध कॉलोनी सहित पांच अवैध निमार्णों के खिलाफ अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर निगम के जोन-ए और जोन-डी क्षेत्रों में की गई। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार जोन-ए की टीम ने एटीपी कपिल देव के नेतृत्व में नानक नगर (कारबारा बस्ती) में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी और एक व्यावसायिक भवन को ध्वस्त कर दिया। वहीं क्षेत्र में एक अन्य अवैध व्यावसायिक इमारत को सील भी किया गया। इसके अलावा हीरा नगर, काकोवाल रोड पर हाईटेंशन बिजली तारों के नीचे बन रही एक औद्योगिक इमारत को सुरक्षा कारणों से गिरा दिया गया।



# तृणमूल कांग्रेस में बड़ी फूट, निलंबित नेता का दावा - 50 एमएलए हमारे साथ

चंडीगढ़/यूटर्न/2 जून। इस राजनीतिक गर्मी के मौसम में, निलंबित टीएमसी नेता रिजू दत्ता ने कहा है, ₹50 (टीएमसी) पार्टी विधायक एकजुट हैं और हमारे साथ हैं।₹ ये विधायक हाल ही में एक होटल में मिले थे, और मिलकर दो-तिहाई बहुमत बनाते हैं। मंगलवार को दत्ता द्वारा की गई इन टिप्पणियों ने बंगाल में टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी और उनकी पार्टी के भविष्य को लेकर नया सस्पेंस पैदा कर दिया है। हस्ताक्षर घोटाला या सिंगनेट के बारे में विस्तार से बताते हुए, जिसने सीआईडी जांच शुरू करवा दी है, दत्ता ने एक इंटरव्यू में दो निष्कासित तृणमूल विधायकों, ऋतब्रत बंदोपाध्याय और संदीपान साहा के बारे में बात की। इन विधायकों ने दावा किया था कि पश्चिम बंगाल विधानसभा में जमा किए गए दस्तावेजों में उनके हस्ताक्षर जाली थे। यह घोटाला 2026 के चुनावों के बाद विपक्ष के नेता और पार्टी के मुख्य सचेतक की नियुक्ति के संबंध में पश्चिम बंगाल विधानसभा में जमा किए गए दस्तावेजों से जुड़ा है; ये चुनाव टीएमसी हार गई थी।



## क्या बंगाल में ममता को महाराष्ट्र मॉडल का सामना करना पड़ रहा ?

रिजू दत्ता ने कहा कि बंगाल में एक महाराष्ट्र मॉडल लागू हो गया है, क्योंकि उन्होंने दावा किया कि लगभग 50 विधायक एकजुट होकर दो-तिहाई बहुमत बना रहे हैं। दत्ता ने कहा, हम दो-तिहाई बहुमत में हैं। लगभग 50 विधायक हमारे साथ हैं। चूंकि असली तृणमूल कांग्रेस हम हैं, इसलिए विपक्ष के नेता ऋतब्रत बंदोपाध्याय होंगे, न कि शोभनदेव चट्टोपाध्याय। उन्होंने आगे कहा कि चूंकि बहुमत इन विधायकों द्वारा बनाया गया है, इसलिए उन्हें ही पार्टी का चुनाव चिह्न रखने की अनुमति भी मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल में इस समय शिवसेना महाराष्ट्र मॉडल लागू है।

## *61 विधायकों ने अहम बैठकों में हिस्सा नहीं लिया*

*एक दिन पहले, सोमवार को पार्टी ने संदीपान साहा और ऋतब्रत बनर्जी को निष्कासित कर दिया था। यह कदम तब उठाया गया जब पार्टी के 80 में से 61 विधायकों ने अहम बैठकों में हिस्सा नहीं लिया। इन विधायकों पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का भी आरोप लगाया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी के कुछ नेता आज दोपहर विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर अपनी समस्याएं उठाएंगे।*

# जगरांव की बेटियों ने सीखा आत्मरक्षा का हुनर; 'मिशन डिफेंस' कैंप में दिखा नारी शक्ति का प्रचंड रूप





-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/2/जून। बेटियों के कदमों में अब डर नहीं, बल्कि हौसलों की उड़ान होगी। इसी संकल्प के साथ लाला लाजपत राय चैरिटेबल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क 'मिशन डिफेंस' मार्शल आर्ट कैंप का बेहद ही जोश और उत्साह के साथ समापन हो गया। इस अभियान ने जगरांव की 300 से अधिक बेटियों के भीतर न सिर्फ आत्मरक्षा का जज्बा भरा, बल्कि उन्हें समाज में सिर उठाकर जीने का नया आत्मविश्वास भी दिया। कैंप के समापन समारोह में अध्यात्म, प्रशासन और समाजसेवा से जुड़ी कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। श्री द्वारकाधीश मंदिर के संचालक आचार्य श्री हितेश मुनि जी महाराज, डीएसपी जसविंदर सिंह, और इंस्पेक्टर कमलदीप कौर जैसी शख्सियतों ने बेटियों का हौसला बढ़ाया। समाज के गौरव परीक्षित कत्याल, नेहा कत्याल (सत्यम ज्वैलर्स परिवार) और कैप्टन नरेश वर्मा ने होनहारों को सम्मानित किया।

# नोबल फाउंडेशन की 12वीं शिक्षक कार्यशाला का शुभारंभ, 130 अध्यापिकाएं ले रहीं भाग

लुधियाना/यूटर्न/02 जून। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नोबल फाउंडेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 12वीं शिक्षक कार्यशाला का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि पीसीएस अधिकारी एवं असिस्टेंट कमिश्नर जनरल लुधियाना श्रीमती पायल गोयल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस वर्ष कार्यशाला में लगभग 130 अध्यापिकाएं भाग ले रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री दुर्गा




माता मंदिर बीआरएस नगर के अध्यक्ष सुनील शारदा ने की। अपने संबोधन में श्रीमती पायल गोयल ने नोबल फाउंडेशन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। वहीं सुनील शारदा ने संस्था के संस्थापक राजेंद्र शर्मा के विजन और समाजसेवा की भावना की प्रशंसा की। कार्यशाला के पहले सत्र में अंतरराष्ट्रीय योग एवं मारमा थेरेपिस्ट अंजलि धवन ने अध्यापिकाओं को विद्यार्थियों के मानसिक विकास और शिक्षा में रुचि बढ़ाने के तरीकों की जानकारी दी। दूसरे सत्र में सर्टिफाइड योगा टीचर एवं मारमा थेरेपिस्ट मनप्रीत कौर ने अबेकस के माध्यम से त्वरित गणना तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का संचालन संस्था की कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी शर्मा ने किया, जबकि संस्था के संस्थापक राजेंद्र शर्मा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए अध्यापिकाओं को कार्यशाला के लिए शुभकामनाएं दीं।

# माया गार्डन सिटी में अवैध मंदिर निर्माण को लेकर विवाद; हाई कोर्ट का दखल

जीरकपुर/यूटर्न/02 जून। जीरकपुर के माया गार्डन सिटी में एक कॉमन पार्किंग एरिया में मंदिर के प्रस्तावित निर्माण को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। यह मामला पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट तक पहुंच गया है, जिसने विवादित स्थल के निरीक्षण का आदेश दिया है। प्रस्तावित धार्मिक ढांचे का कई निवासियों ने कड़ा विरोध किया है, जिनमें रमित नरवाल, नागेंद्र वर्मा, टावर सचिव राहुल कंबोज, विकास बावेजा और रविंदर कौशल शामिल हैं। सोसाइटी के अध्यक्ष गुरजीत सिंह सिद्धू के एक लीक हुए ऑडियो ने इस विवाद को और भड़का दिया है। वायरल क्लिप के अनुसार, सिद्धू सार्वजनिक रूप से सोसाइटी की धार्मिक महिला सदस्यों के वोट हासिल करने के लिए मंदिर निर्माण का समर्थन कर रहे हैं, लेकिन निजी तौर पर वह इस परियोजना के खिलाफ हैं और कथित तौर पर अन्य सदस्यों को इसके खिलाफ विरोध करने के लिए उकसा रहे हैं। इस निर्माण के खिलाफ कानूनी लड़ाई टावर जी-5 के फ्लैट नंबर 903 के निवासी भूपिंदर सिंह लड़ रहे हैं। सिंह ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में पंजाब राज्य, नगर परिषद जीरकपुर, गमाडा और माया गार्डन सिटी के रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के खिलाफ एक सिविल रिट याचिका (CWP-15346-2026) दायर की है। RWA ने बिना किसी स्वीकृत भवन योजना या सक्षम अधिकारियों की मंजूरी के टावर जी-5 और योग पार्क के पास अवैध रूप से मंदिर का निर्माण शुरू कर दिया है। यह निर्माण पार्किंग/कॉमन एरिया में हो रहा है, जो पापरा अधिनियम, रियल एस्टेट अधिनियम 2016, नगरपालिका कानूनों और भवन उपनियमों का सीधा उल्लंघन है। याचिकाकर्ता ने इससे पहले 23 मार्च, 2026 को नगर निगम जीरकपुर के संपदा अधिकारी को तत्काल हस्तक्षेप करने और इसे गिराने की मांग करते हुए कानूनी नोटिस भेजा था, लेकिन अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# चंडीगढ़ के सेक्टर 26 स्थित मशहूर रैपर बादशाह का 'सागो क्लब' सील

चंडीगढ़/यूटर्न/02 जून। चंडीगढ़ के सेक्टर 26 स्थित मशहूर रैपर बादशाह के 'सागो क्लब' को मंगलवार को प्रशासन की बिल्डिंग ब्रांच ने सील कर दिया है। क्लब संचालकों को भवन नियमों के उल्लंघन को लेकर कई बार नोटिस जारी किए गए थे। उन्हें निर्धारित समय के भीतर कमियां दूर करने और नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसके बाद बिल्डिंग ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची और सीलिंग की कार्रवाई की। प्रशासन के मुताबिक, क्लब में भवन संबंधी नियमों और स्वीकृत नक्शे से जुड़े कुछ उल्लंघनों को लेकर लंबे समय से मामला चल रहा था। बार-बार नोटिस भेजे जाने के बावजूद संतोषजनक जवाब और अनुपालन नहीं मिलने पर आखिरकार क्लब को सील करने का फैसला लिया गया। प्रशासन के अनुसार, क्लब के लिए जो नक्शा मंजूर कराया गया था, उसके बाद अंदर अतिरिक्त निर्माण कर लिया गया था। इसी को लेकर बिल्डिंग ब्रांच की ओर से क्लब संचालकों को नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि, निर्धारित समय के भीतर निर्माण नहीं हटाया गया। इसके बाद मंगलवार बिल्डिंग ब्रांच की टीम पुलिस की मौजूदगी में मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए क्लब को सील कर दिया गया।



# पंजाब में बैंक किसानों की जमीन नहीं कर सकेंगे कुर्क, सरकार ने किसान क्रेडिट पॉलिसी बदली, कर्ज लिमिट बढाई

पंजाब/यूटर्न/2 जून। पंजाब सरकार ने राज्य के किसानों को अहम तोहफा दिया है। जिसमें 26 साल पहले बनाई किसान क्रेडिट कार्ड पॉलिसी को बदल दिया है। अब उसे किसानों के पक्ष में बनाया है। वहीं, किसानों के लोन की लिमिट बढ़ा दी है। इसमें कई फसलों को शामिल किया गया है। वहीं, सीएम ने कहा कि हमने प्राइवेट बैंकों को भी हिदायत दी है कि किसानों की जमीन जब्त न करे। बल्कि कोई और तरीका अपनाया जाए। वहीं, डिफाल्टरों की सूची में भी किसानों की फोटो न लगाए। ताकि किसान किसी तरह कोई सुसाइड न करे। वही, उन्होंने दावा कि सरकार के प्रयास से किसानों का सुसाइड कम हुए है। इसके लिए एक स्टडी हुई है।



### गन्ना किसानों की कर्ज सीमा 44 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए की गई

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बताया कि किसानों के लिए फसली कर्ज की सीमा में बढ़ोतरी की है। कॉपरेटिव बैंकों में पहले गेहूं की फसल पर प्रति एकड़ 24,380 रुपए तक कर्ज मिलता था, जिसे बढ़ाकर 30,000 रुपए प्रति एकड़ कर दिया है। उन्होंने कहा कि पराली प्रबंधन के लिए पहले कोई अलग ऋण सुविधा नहीं थी, लेकिन अब किसानों को पराली की संभाल के लिए प्रति एकड़ 2,000 रुपए का अतिरिक्त कर्ज मिल सकेगा। सीएम ने बताया कि गन्ना किसानों के लिए भी बड़ी राहत दी गई है। पहले गन्ने की फसल पर कर्ज की सीमा 44,000 रुपए प्रति एकड़ थी, जिसे बढ़ाकर 1 लाख रुपए प्रति एकड़ कर दिया गया है।

### बांस और लैमन ग्रास भी कर्ज लिमिट में शामिल

सीएम भगवंत मान ने कहा कि नई तय की गई कर्ज सीमाओं के तहत पोपलर पर 20,000 रुपये प्रति एकड़, बांस (बैंबू) पर 13,000 रुपये, जामुन पर 22,000 रुपये और लेमन ग्रास पर 30,000 रुपये प्रति एकड़ कर्ज मिलेगा। लहसुन की फसल पर 1,57,372 रुपये, प्याज पर 92,686 रुपये और हाईब्रिड टमाटर पर 80,981 रुपये प्रति एकड़ की कर्ज सीमा निर्धारित की है।

# सादगी और ग्लैमर का परफेक्ट मेल बनीं मृणाल ठाकुर




बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर का लेटेस्ट ग्लैमरस लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पिंक आउटफिट में उनका स्टाइल और कॉन्फिडेंस फैंस को खूब पसंद आ रहा है। तस्वीरों पर प्रशंसक लगातार तारीफों की बौछार कर रहे हैं और उन्हें 'नेचुरल ब्यूटी' बता रहे हैं। फिल्मों के साथ-साथ मृणाल अपने फैशन सेंस को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। उनकी यह नई फोटोशूट सीरीज एक बार फिर इंटरनेट पर चर्चा का केंद्र बन गई है।

# 2027 में पंजाब में बनाएगे भाजपा की सरकार - केवल सिंह ढिल्लों

## तीक्षण सूद के निवास पर हुआ भव्य स्वागत







दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/02 जून। पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता तीक्ष्ण सूद द्वारा कहा है कि भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष स. केवल सिंह ढिल्लों ने होशियारपुर में अध्यक्ष बनने के बाद अपनी पहली फेरी में पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता तीक्ष्ण सूद के निवास पर कार्यकताओं से भेंट की।सरदार ढिल्लों का भाजपा कार्यकर्ताओ ने इस मौके पर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर कार्यकताओं में उत्साह भरते हुये से कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार पंजाब में बुरी तरह फेल हो चुकी है। जनता के साथ किये गए वायदे पूरे नही करपाई। पंजाब में कानून व्यवस्था की सबसे बुरी स्थिति है। पंजाब प्रदेश जो कि किसी समय नं 1 प्रदेश था। अब 18 वे नं पर पहुंच गया है। हमसे पीछे रहने वाले उत्तर प्रदेश,विहार व हरियाणा डबल इंजन सरकार के कारण हमसे बहुत आगे निकल गए है। पंजाब आम आदमी पार्टी की गलत नीतियों के कारण वित्तीय संकट में पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि इन सभी समस्याओ का हल भजापा की सरकार बनने पर ही किया जायगा तथा किसानो की 24 फसलों का टरढ दिया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश महामंत्री परमिंदर सिंह बराड़ के साथ प्रेस को सबोधित किया। इस अवसर भाजपा पूर्व केन्द्रीय मंत्री सोम प्रकाश ,पूर्व मंत्री श्रीमति महिंदर कौर जोश ,नमिषा मेहता ,डॉ.दिलबाग राय ,शिव सूद पूर्व मेयर ,निपुण शर्मा ,विजय पठानिया ,आनंदवीर सिंह ,पार्षद सुरिंदर पाल भट्टी ,गुरप्रीत कौर ,सतीश बावा , सुरेश भाटिया बिट्टू , अश्वनी गेंद विनोद परमार ,यशपाल शर्मा ,कमलजीत सेतिया , श्रीमति राकेश सूद ,कविता परमार ,अर्चना जैन , कुलवंत कौर ,अशोक कुमार ,अमरजीत सिंह लाड्डी , तरसेम मोदगिल ,संजू अरोड़ा ,राकेश सूरी ,शम्मी वालिया ,,बब्बा हांडा ,ईशान मैहरा ,राजेश ,अनिल जैन ,रविकांत ,पलवी ,सुनीता ,सुखवीर सिंह ,चन्दर शेखर तिवारी ,राजकुमार ,रमेश ठाकुर ,अतुल सूद ,पिंकी , मनजिंदर सियान ,शिव कुमार ,हनी सूद ,अक्षय,राजीव महाजन ,आज्ञापाल साहनी ,अवतार सिंह कंग ,दीक्षांत ठाकुर ,रनजीत राणा, पंकज बांसल, हरमेश लाल ,कुर्बान लोकेश खन्ना ,अमिता सूद ,तबसुम खातून ,राज कुमारी ,एडवोकेट संदीप तिवारी, जस्सी जसकरण ,रोहित धीर ,हरभजन पाल ,विशाल शर्मा , केवल सिंह ,रामदेव यादव , मोहिंदर पाल धीमान ,मेंदीरत्ता ,हेम राज ,पंडित ब्रिज लाल,सुरजीत कुमार, दविंदर अरोड़ा , दीपक आदि उपस्थित थे।

# भाजपा ने भी खोला चुनावी मोर्चा, नगर निगम चुनाव में दोबारा मतगणना की उठाई मांग

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/02 जून। नगर निगम चुनाव के नतीजों को लेकर शिरोमणि अकाली दल के बाद अब भारतीय जनता पार्टी ने भी संघर्ष का रास्ता अपनाने का ऐलान कर दिया है। भाजपा के शहरी जिला अध्यक्ष सरूप चंद सिंगला ने मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान आरोप लगाया कि नगर निगम चुनाव की मतगणना के दौरान बड़े स्तर पर धांधली की गई, जिसके चलते भाजपा के जीत रहे प्रत्याशियों को



जानबूझकर पराजित घोषित किया गया।

सरूप सिंगला ने कहा कि भाजपा पहले जिला उपायुक्त (डीसी) के समक्ष दोबारा मतगणना की मांग रखेगी। यदि वहां से न्याय नहीं मिला तो पार्टी पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। उन्होंने दावा किया कि नगर निगम चुनाव में भाजपा को जनता का व्यापक समर्थन मिला और पार्टी को शहर भर से लगभग 25 हजार वोट प्राप्त हुए, लेकिन प्रशासनिक हस्तक्षेप और सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के नेताओं के दबाव के कारण चुनाव परिणाम प्रभावित किए गए।

भाजपा जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि मतगणना के दिन सुबह करीब 11 बजे तक भाजपा, आजाद उम्मीदवारों और अन्य विपक्षी दलों के प्रत्याशी बढ़त बनाए हुए थे। यह स्थिति देखकर जिला प्रशासन और सत्तारूढ़ दल के नेताओं में बेचैनी फैल गई। उन्होंने कहा कि इसके बाद मतगणना की प्रक्रिया को अचानक रोक दिया गया और दोपहर करीब ढाई बजे पुनः शुरू करने का निर्णय लिया गया। सिंगला ने आरोप लगाया कि मतगणना रुकने के दौरान गिनती में लगे महिला कर्मचारियों को हटाकर उनकी जगह नया पुरुष स्टाफ नियुक्त किया गया। इसके बाद मतगणना के दौरान बड़े पैमाने पर वोटों में हेराफेरी की गई और भाजपा उम्मीदवारों को विशेष रूप से निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर भाजपा प्रत्याशियों ने दोबारा मतगणना की मांग भी की, लेकिन प्रशासन ने उनकी एक नहीं सुनी।

# ट्रंप-नेतन्याहू के बीच फोन पर तीखी झड़प, गालियों की बौछार

## तुम बिल्कुल पागल हो, अब हर कोई तुमसे नफरत करता है

चंडीगढ़/यूटर्न/2 जून। खबरों के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर फोन पर हुई एक तीखी बातचीत के दौरान जमकर गुस्सा निकाला। यह बातचीत लेबनान में इजराइल की बढ़ती सैन्य गतिविधियों को लेकर हुई थी, जिससे मध्य-पूर्व के संघर्ष को खत्म करने के लिए ईरान के साथ चल रही शांति वार्ता खतरे में पड़ सकती है। Axios की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस बातचीत के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ने नेतन्याहू को बिल्कुल पागल कहा और उन पर एहसानफरामोशी का आरोप लगाया। अमेरिकी अधिकारियों और इस बातचीत से जुड़े एक तीसरे सूत्र का हवाला देते हुए, इस अमेरिकी प्रकाशन ने बताया कि ट्रंप ने बेरूत पर हमला करने की इजराइल की योजना पर भी रोक लगा दी है। खबरों के अनुसार,



### ट्रंप नेतन्याहू से नाराज

एक मौके पर, एक सूत्र ने बताया कि ट्रंप नेतन्याहू से बेहद नाराज हो गए और उनसे पूछा, श्तुम आखिर कर क्या रहे हो ? इस बातचीत से पहले, ट्रंप को कथित तौर पर पता था कि लेबनान से सक्रिय ईरान समर्थित मिलिशिया, हिज्बुल्लाह, इजराइल पर हमले कर रहा था और तेल अवीव को अपनी रक्षा करने की जरूरत थी। लेकिन सूत्रों ने बताया कि ट्रंप को लगा कि हाल के दिनों में, नेतन्याहू जरूरत से ज्यादा ही आक्रामक रवैया अपना रहे थे।

### ट्रंप-नेतन्याहू बातचीत की अंदर की बातें

*ट्रंप ने यह भी दावा किया कि उन्होंने नेतन्याहू को जेल जाने से बचाने में मदद की थी। यह इशारा नेतन्याहू के भ्रष्टाचार के मुकदमे के दौरान ट्रंप द्वारा दिए गए समर्थन की ओर था। एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने नेतन्याहू से कहा, श्तुम बिल्कुल पागल हो। अगर मैं न होता, तो तुम अब तक जेल में होते। मैं तुम्हारी जान बचा रहा हूँ। अब हर कोई तुमसे नफरत करता है। इसी वजह से हर कोई इजराइल से भी नफरत करता है।*

### बातचीत के बाद क्या हुआ ?

*बेरूत पर हमलों की धमकियों के अलावा, इजराइल दक्षिणी लेबनान में अपने जमीनी अभियान का भी विस्तार कर रहा है। खबरों के अनुसार, ट्रंप इस बात से नाराज थे कि लेबनान में तनाव बढ़ाने का नेतन्याहू का फैसला, ईरान के साथ उनकी (ट्रंप की) चल रही बातचीत को पूरी तरह से बिगाड़ सकता था। नेतन्याहू के साथ फोन पर हुई बातचीत के बाद, जिसे उन्होंने सकारात्मक बताया। ट्रंप ने कहा कि इजराइल का कोई भी सैनिक बेरूत की ओर नहीं जाएगा।*

उन्होंने इजराइली नेता से कहा कि लेबनान की राजधानी पर बमबारी करने की इजराइल की धमकियों से दुनिया भर में इजराइल और ज्यादा अलग-थलग पड़ जाएगा।

# क्या यह गरीबों पर मार है ? ओएसएम गड़बड़ी मामले में सीबीएसई चेयरमैन और सेक्रेटरी हटाए

चंडीगढ़/यूटर्न/2 जून। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) में एक बड़े प्रशासनिक फेरबदल में, नरेंद्र मोदी सरकार ने सीबीएसई चेयरमैन राहुल सिंह और सेक्रेटरी हिमांशु गुप्ता का तबादला कर दिया है। साथ ही, ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सेवाओं की खरीद की जांच के आदेश दिए हैं। यह कदम परीक्षा से जुड़े कॉन्ट्रैक्ट्स में कथित अनियमितताओं पर सरकार के सख्त रुख का संकेत है। यह तब हुआ जब केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की जा रही थी। यह कदम सीबीएसई की मूल्यांकन और रिजल्ट के बाद की प्रक्रियाओं की हफ्तों तक चली जांच के बाद उठाया गया है, जिसने पूरे देश में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच चिंता पैदा कर दी थी। तबादले से पहले, सीबीएसई चेयरमैन राहुल सिंह (आईएएस) बोर्ड के समग्र कामकाज की देखरेख करते थे, जिसमें परीक्षाएं, अकादमिक मामले, संबद्धता, नीतियों का कार्यान्वयन और बड़े सुधार शामिल थे। इसके साथ ही वे शिक्षा मंत्रालय के साथ समन्वय भी करते थे। सेक्रेटरी हिमांशु गुप्ता शासन, वित्त और संबद्धता जैसे प्रमुख प्रशासनिक कार्यों की कमान संभालते थे। उन्होंने सीबीएसई के दैनिक कार्यों और देश भर में फैले इसके स्कूल और परीक्षा नेटवर्क में नीतियों के कार्यान्वयन में केंद्रीय भूमिका निभाई थी।




राहुल सिंह, चेयरमैन — हिमांशु गुप्ता, सचिव

**सरकार ने जांच के आदेश दिए...**इस कार्रवाई के तहत, केंद्र सरकार ने एस. राधा चौहान की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। यह समिति ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सेवाओं की खरीद की जांच करेगी और अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। हालांकि समिति के कार्यक्षेत्र का विस्तृत विवरण अभी प्रतीक्षित है, लेकिन उम्मीद है कि यह जांच इस बात पर केंद्रित होगी कि कॉन्ट्रैक्ट कैसे दिया गया और क्या सभी प्रक्रियाओं का उचित रूप से पालन किया गया था। ये घटनाक्रम इस बात का संकेत हैं कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है, क्योंकि भारत की सबसे बड़ी स्कूल परीक्षा प्रणालियों में से एक में पारदर्शिता, तकनीक और जवाबदेही को लेकर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं।

### सीबीएसई सुर्खियों में क्यों रहा ?

यह विवाद तब शुरू हुआ जब सीबीएसई की कक्षा 10 और 12 के रिजल्ट घोषित होने के बाद, छात्रों ने अपनी स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाओं को देखने में आ रही दिक्कतों की शिकायत की। कई छात्रों ने दावा किया कि उन्हें धुंधले पेज, गायब हिस्से और बोर्ड की ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। स्थिति तब और बिगड़ गई जब ओएसएम प्लेटफॉर्म और उस टेंडर प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए गए, जिसके माध्यम से डिजिटल मूल्यांकन का कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था। वेंडर चयन प्रक्रिया, साइबर सुरक्षा संबंधी चिंताओं और पुनर्मूल्यांकन सेवाओं में हुई देरी को लेकर चल रही चर्चाओं ने जनता का ध्यान और भी अधिक आकर्षित किया।

## नशा मुक्त और खेल प्रधान पंजाब बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्धः डॉ. तेजपाल सिंह गिल

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/2/जून। पंजाब को खेलों में देश का अग्रणी राज्य बनाने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सरकार पूरी तरह वचनबद्ध है। यह बात पनग्रेन के चेयरमैन डॉ. तेजपाल सिंह गिल ने विधानसभा क्षेत्र दाखा के गांव स्वद्दी कलां में युवाओं को क्रिकेट स्पोर्ट्स किट बांटने के दौरान कही।



चेयरमैन गिल ने कहा कि युवाओं को खेलों से जोड़ना आज के समय की मुख्य जरूरत है। राज्य सरकार लगातार खेल मेले करवा रही है ताकि नौजवान अपनी ऊर्जा का सही इस्तेमाल कर सकें। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे का त्याग कर खेल मैदानों से जुड़ें, क्योंकि पंजाब का इतिहास हमेशा से नामचीन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पैदा करने का रहा है।

*'सीएम भगवंत सिंह मान का सपना पंजाब को पूरी तरह नशा मुक्त देखना है। सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव सहयोग को तैयार है।'- गिल*

उन्होंने आगे बताया कि सरकार की 'नशे के खिलाफ युद्ध' मुहिम को बड़ा जन-समर्थन मिल रहा है। इसके तहत बड़े ड्रग रैकेटों का पर्दाफाश कर तस्करों को जेल भेजा जा रहा है, ताकि पंजाब की जवानी को सुरक्षित रखा जा सके।

## जीएमसीएच-32 में जूनियर डॉक्टर की संदिग्ध आत्महत्या, अस्पताल परिसर में मचा हड़कंप

चंडीगढ़/यूटर्न/02 जून। सेक्टर-32 स्थित गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच) में मंगलवार को एक जूनियर डॉक्टर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, डॉक्टर ने कथित तौर पर आत्महत्या की है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मृतक की पहचान 24 वर्षीय डॉ. योगेश के रूप में हुई है, जो जनरल मेडिसिन विभाग में पीजी जूनियर रेजिडेंट (जेआर) के तौर पर कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार, उन्होंने अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर स्थित शौचालय में खुद को इंजेक्शन लगाया। कुछ समय बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि डॉक्टर ने कथित तौर पर पोटैशियम क्लोराइड के चार इंजेक्शन लगाए थे। हालांकि पुलिस और अस्पताल प्रशासन ने इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। अधिकारियों का कहना है कि वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही चल सकेगा।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, फॉरेंसिक टीम और अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। साथ ही अस्पताल के कर्मचारियों और डॉक्टरों से भी पूछताछ की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। आत्महत्या के पीछे के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे घटनाक्रम की तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372